हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 10 जनवरी 2024

04 क्षिप्रा शुद्धिकरण के लिए सभी विभाग ...



05 जब 91 साल की भंवरी ने राममंदिर निर्माण के ...





## खबर संक्षेप

### संयुक्त परामर्श दात्री समिति की बैठक आज

**सीहोर।** जिला स्तरीय संयुक्त परामर्श दात्री समिति की बैठक 10 जनवरी को जिला पंचायत सभाकक्ष में होगी। सुबह 11.30 बजे से आयोजित बैठक के संबंध में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने बताया कि संयुक्त परामर्श दात्री समिति की बैठक में जिन विषयों पर चर्चा की जाना है उसका एजेंडा कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों को दिया गया है। उन्होंने कर्मचारी संघों से अपील की है कि वे एजेण्डा में कर्मचारी हित की मांग रखते हुए शासन द्वारा निर्धारित मान्यता प्राप्त संगठन के पदाधिकारी, अधिकृत प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित हो।

### मप्र फुटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी प्रांजलि



**सीहोर।** जिले की प्रांजलि तीसरी बार मध्य प्रदेश फुटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करेगी। प्रांजलि पहला नेशनल कर्नाटक दूसरा नेशनल गुजरात में खेल चुकी है। प्रांजलि के कोच लारा है एवं सीहोर में चल रहे फीडर सेंटर में अभ्यास करती हैं। वह प्रतिदिन 3 घंटे सुबह 3 घंटे शाम को अभ्यास करती हैं। खेलो इडिंया स्माल सेंटर के कोच विपिन पवार ने बताया कि प्रांजलि सीहोर में शानदार खेल का प्रदर्शन कर रही है। वह मध्य प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन का भी प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं और मध्य प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन ने उन्हें अच्छी कोचिंग के लिए भी चुना है।

### स्वामी विवेकानंद और मकर संक्रांति पर होंगे 5 दिवसीय कार्यक्रम

**सीहोर।** राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने 10 से 14 जनवरी 2024 तक स्वामी विवेकानंद जयंती और मकर संक्रांति पर 5 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने समस्त जिला कलेक्टर्स और विभागीय शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। 10 जनवरी को शैक्षणिक संस्थाओं में स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित प्रेरणादायी शैक्षिक, सांस्कृतिक और व्याख्यान संबंधी कार्यक्रम होंगे। अगले दिन 11 जनवरी को योग प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार अभ्यास के साथ विद्यार्थियों के इसके महत्व पर भी चर्चा की जाएगी। शैक्षणिक संस्थाओं में 12 जनवरी को सामुहिक सूर्य नमस्कार और 13 जनवरी को कबड्डी, खो-खो, मलखंब, सितोलिया (पिट्ठू), लंबी और ऊँची कूद, रस्सा-कस्सी समेत अन्य पारंपरिक खेल होंगे। पाँचवे और अंतिम दिन 14 जनवरी को सभी शैक्षणिक संस्थाओं में मकर संक्रांति के वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर निंबध लेखन, चित्रकला, भाषण स्पर्धा होंगी। इसी दिन विद्यार्थियों को साइंस सेंटर और म्यूजियम, प्लेनेटोरियम और वेधशाला का निरीक्षण कराया जाएगा।

## यातायात नियमों का नहीं हो रहा पालन, आरटीओ भी नहीं करते कोई कार्वाई

# अनदेखी: एसडीएम के वाहन का नहीं टैक्सी परमिट, हो रहा हजारों के राजस्व का नुकसान

**बिना टैक्सी परमिट के सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ रहे वाहन, बिना टैक्सी परमिट के शासकीय विभागों में अटैच नहीं कर सकते वाहन, लेकिन नियमों का नहीं हो रहा पालन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

विकासखंड मुख्यालय पर सरकारी कार्यालय में अधिकारियों की खिदमत में लगे हुए कई वाहन नियमों के विरुद्ध बिना टैक्सी परमिट के संचालित हो रहे हैं। इससे यातायात के नियमों का उल्लंघन तो हो ही रहा है, साथ ही परिवहन विभाग को राजस्व की हानि भी हो रही है। ऐसा ही एक मामला तहसील कार्यालय का प्रकाश में आया है। यहां एसडीएम के लिए अधिग्रहण की गई बोलेरो का टैक्सी परमिट ही नहीं है। बिना टैक्सी परमिट के यह लंबे समय से सड़कों पर दौड़ रही है। लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

गौरतलब है कि ऐसे सरकारी विभाग जिनके पास खुद के वाहन नहीं हैं, ऐसे विभागों में अधिकारियों की सुविधा के लिए सरकारी खर्चे पर किराए के चार पहिया वाहन लगाए जाते हैं। परिवहन विभाग के नियमों के अनुसार सरकारी विभागों में किराए पर उन्हीं वाहनों को रखा जाता है जिनका परिवहन विभाग से टैक्सी परमिट स्वीकृत हो। यह नियम जिला मुख्यालय से लेकर जनपद पंचायतों तक में केवल कागजों तक ही सीमित रह गए हैं। इसका मुख्य कारण है कि आला अधिकारी ही लग्जरी गाडिय़ों में घूमने के चक्कर में नियमों को अनदेखा कर रहे हैं। जिला मुख्यालय के साथ ही तहसील मुख्यालय पर स्थित ऐसे कई विभाग हैं, जिनके अधिकारी बिना टैक्सी परमिट की गाडिय़ों में घूम रहे हैं। लेकिन संबंधित अधिकारी इनके खिलाफ कार्रवाई करने मे गुरेज करते हुए दिखाई दे रहे हैं।




इसकी हकीकत सामने लाने के लिए हरिभूमि की टीम ने विकासखंड मुख्यालय के कुछ अधिकारियों के वाहनों जिन पर मध्य प्रदेश सरकार अथवा अधिकारी का पद लिखा हुआ था, ऐसे वाहनों के क्रमांक को कैमरे में कैद किया। इस दौरान एसडीएम के लिए अधिग्रहण बोलेरो जिसका क्रमांक एमपी37 , सी- 6692 है , इसका टैक्सी पास परमिट नहीं मिला। इसके साथ ही जिले भर में कई अन्य अधिकारी भी बिना टैसी परमिट वाहन का खुलेआम उपयोग कर रहे हैं। यहां तक कि एक अधिकारी अपनी पर्सनल कार में नंबर प्लेट की जगह अपना पदनाम ही अंकित कराए देखा गया। जब अधिकारी ही नियमों का पालन करना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं तो आमजन से क्या उम्मीद की जा सकती है।

### चहेतों के लगे हैं वाहन

नियमों को दरकिनार करते हुए बिना टैक्सी परमिट के वाहनों को किराए पर रखने के पीछे कई कारण होते हैं। कई अधिकारी व विभागों के लिपिक अपने खुद के व रिश्तेदारों के वाहनों को विभाग में किराए पर लगाए हुए हैं। इससे अधिकारियों द्वारा किए जाने वाले कारनामे भी छिपे रहते हैं। बाहरी व्यक्ति के आने से कारनामे उजागर होने का डर बना रहता है। यही कारण है कि खुद को सुरक्षित रखने के लिए नियमों को ताक पर रख दिया जाता है।

### लगाया गया है प्रतिबंध

बता दें कि शासन ने 2014 से सभी विभागों में टैक्सी वाहन लगाने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद भी अधिकांश अधिकारियों ने निजी वाहन लगा रखे हैं। जबकि निजी वाहन अपने उपयोग में ले सकते हैं। ना कि किसी कार्यालय में लगा सकते हैं। कार्यालय में लगाना है तो उसका टैक्सी में पास होना आवश्यक होता है। अधिकारियों एवं वाहन मालिकों की साठगांठ के चलते निजी वाहनों को विभागों के कार्य के लिए लगाया गया है। निजी वाहन जिला पंचायत, महिला बाल विकास, आबकारी, जनपद पंचायत, जिला पंचायत सहित अन्य विभाग में लगे हुए हैं।

### जमा करना पड़ता है शुल्क

जानकारी के अनुसार यदि चार पहिया वाहन को टैक्सी में पास कराते हैं तो करीब गाड़ी की कीमत से करीब 8 से 9 प्रतिशत टैक्स जमा करना होता है। साथ ही रजिस्ट्रेशन फीस करीब 3 से 4 हजार रुपए, उसके उपरांत हर साल गाड़ी की फिटनेस करानी होती है। जिसमें करीब एक से डेढ़ हजार तक शुल्क जमा करना होता है। जबकि परमिट व फिटनिस की राशि बचाने के लिए टैक्सी परमिट नहीं लिया जा रहा है।

### दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी

*यह मामला आपके द्वारा संज्ञान में लाया गया है। यदि इस तरह का मामला है तो मैं जांच कराकर दोषी पर कार्रवाई करुंगा।*

**आशीष तिवारी,** सीईओ जिपं सीहोर

### अपराधियों को सजा ही नहीं, पीड़ितों को भी दी गई प्रतिकर राशि

**सीहोर।** अपराधियों को सजा ही नही, पीड़ितों को प्रतिकर राशि दिलाना भी महत्वपूर्ण है। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश अनुसार वर्ष 2023 में पीड़ित प्रतिकर योजनाओ के अंतर्गत अपराध से पीड़ितों को 49 प्रकरणों में 83 लाख 10 हजार रूपये स्वीकृत किए गए। योजनांतर्गत कई प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें एक प्रकरण में अभियुक्त द्वारा अपनी पत्नि एवं सास की हत्या कर दी। प्रकरण के निर्णय में अभियुक्त को आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियुक्त एवं मृतिका के तीन अवयस्क बच्चें है। आरोपी पिता के जेल जाने तथा माता का देहावसान हो जाने के कारण बच्चों के पालन पोषण की गंभीर समस्या उत्पन्न हुई। बच्चें अपने मामा के यहां निवासरत थे, किन्तु उनके भविष्य की शिक्षा एवं पालन पोषण के लिए कोई सुदृढ़ कार्यवाही किया जाना आवश्यक था।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मुकेश कुमार दांगी ने बताया कि निर्णय अनुसार की गई अनुशंसा के पालन में मृतिका की तीन अवयस्क संतानो को भरण-पोषण, शिक्षा, पुर्नवास के लिए प्रतिकर राशि रूपये 7,50,000/- (सात लाख पचास हजार रूपये) प्रतिकर राशि स्वीकृत की गई। राशि बच्चों के वयस्क होने तक सावधि जमा की जाकर ब्याज राशि उनके पालन पोषण, शिक्षा आदि पर व्यय करने के आदेश कर बच्चों का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित किया गया।

विधिक सेवा प्राधिकरण गंभीर अपराध से पीड़ितों को इस कार्यालय के माध्यम से प्रतिकर की राशि स्वीकृत की जाती है। हत्या, बलात्कार, बालकों के विरूद्ध यौन अपराध, एसिड अटैक, 40 प्रतिशत से अधिक स्थायी निशक्तता, शरीर के महत्वपूर्ण भाग पर चोट, महिलाओं के विरूद्ध अपराध आदि अपराधों से पीडितों, उनके वारिसान को पुर्नवास के लिए प्रतिकर राशि प्रदान की जाती है। ऐसे पीडित इस कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है। सचिव दांगी ने मीडिया से आग्रह किया है कि वो अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें जिससे आमजन को योजना का लाभ प्राप्त हो।

## सरकारी रास्ते का सीमांकन करने पहुंची राजस्व टीम से मारपीट की

**सीहोर।** सोमवार देर शाम को सरकारी रास्ते का सीमांकन करने पहुंची राजस्व टीम पर रूजनखेड़ी गांव के एक परिवार के 4 लोगों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने पटवारियों के साथ लाठी और डंडों से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। तहसीलदार सौरभ शर्मा ने

जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य मार्ग से रूजनखेड़ी टप्पर तक लोक निर्माण विभाग के द्वारा 2 करोड़ 4 लाख रुपए की लागत से सड़क बनाई जा रही थी, लेकिन रूजनखेड़ी गांव के लोगों के अतिक्रमण के कारण सड़क का काम बंद पड़ा था। इसके चलते विभाग ने अतिक्रमण हटाने के लिए राजस्व विभाग को पत्राचार किया था। पत्र पर संज्ञान लेते हुए जब हल्का पटवारी राजेश धनवारे व रोहित कीर को सरकारी रास्ते का सीमांकन करने के लिए भेजा गया तो सीमांकन के दौरान ही रूजनखेड़ी निवासी जीवन सिंह पिता हरिनारायण, रजनीकांत पिता जीवन, अनुसूईयां बाई पत्नि हरिनारायण व हरिनारायण पिता रामाधार ने सीमांकन करने पहुंचे दोनों पटवारियों के साथ पहले तो अभद्र भाषा का उपयोग करते हुए गाली-गलौज की और फिर बाद में लाठी-डंडों से मारपीट करना शुरु कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। पटवारियों ने घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी। घटना में पटवारियों को हाथ, पैर और कमर में चोटें आई हैं। उक्त घटना की शिकायत पटवारियों द्वारा थाने पहुंचकर की गई।

## कोविड संक्रमित युवती रिकवर होकर डिस्चार्ज, फिर भेजे गए 9 सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दो जनवरी को कोविड पॉजिटिव सीहोर निवासी युवती रिकवर होकर आज डिस्चार्ज हो चुकी हैं। जिले में अब कोविड पॉजिटिव की संख्या शून्य है। अब तक 52 सैंपल आरटीपीसीआर टेस्ट लेकर एम्स भोपाल भेजे गए थे। जिसमें अब तक सभी की रिपोर्ट नेगेटिव प्राप्त हुई है। आज 9 सैंपल जांच के लिए भोपाल भेजे गए हैं। भेजे गए 9 सैंपल की रिपोर्ट आना बाकी है। जिला चिकित्सालय स्थित फीवर क्लिनिक द्वारा अब तक कुल 61 सेम्पल एकत्रित किए जा चुके हैं।




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुधीर कुमार डेहरिया ने जानकारी दी कि मौसमी बीमारियों को दृष्टिगत साधारण सर्दी जुकाम वाले रोगी भी कोविड-19 के लक्षण के साथ ओपीडी में उपस्थित हो सकते हैं। समस्त संदिग्ध व्यक्ति आईएलआई लक्षण वाले जिन्होंने पिछले 14 दिनों में विदेश यात्रा की हो, जो प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए केस के संपर्क में आए हो। समस्त संदिग्ध व्यक्ति जो हॉटस्पॉट अथवा कंटेनमेंट जोन के निवासी हो समस्त अस्पताल में भर्ती मरीज जिनमें आईएलआई के लक्षण प्रकट हुए हो उन सभी को अपना आटीपीसीआर टेस्ट अवश्य कराना चाहिए।

## शीतलहर के चलते अब सुबह 10 बजे से खुलेंगे स्कूल



**सीहोर।** राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन कर दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार 20 जनवरी तक के लिये स्कूल खुलने की नई समय-सीमा निर्धारित की गई है।

राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के उप सकचव प्रमोद सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार ऐसे समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय, जो जल्दी सुबह से संचालित होते हैं, वे प्रातः 10 बजे से संचालित होंगे। दो पालियों में संचालित होने वाले शासकीय एवं अशासकीय स्कूल भी प्रातः 10 बजे से ही संचालित होंगे। ऐसे विद्यालय, जो प्रातः 10:30 से संचालित होते हैं, वे यथावत निर्धारित समय-सारणी अनुसार संचालित होंगे। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि कक्षा 6 से 12वीं तक की कक्षाओं की पूर्व निर्धारित परीक्षाओं का संचालन निर्धारित समय-सारणी अनुसार होगा। आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील हो गया है।

### सीहोर वॉइस और गुड मार्निंग क्लब के बीच खेला गया मैच



**सीहोर।** जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में चल रही फुटबॉल लीग प्रतियोगिता के 19वें दिन सीहोर वॉइस एवं गुड मॉर्निंग क्लब के बीच मैच खेला जा रहा है मैच के प्रारंभ में मध्य प्रदेश के मशहूर बॉक्सिंग कोच अंकित गुप्ता पांच बार नेशनल खेलने के बाद सर्वश्रेष्ठ बॉक्सर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के आज प्रतियोगिता में खिलाड़ियों से परिचय करते हुए खिलाड़ियों को अपने उद्बोधन में बताया कि आप ऐतिहासिक चर्च ग्राउंड पर आप प्रतियोगिता में भाग ले आप दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल खेल रहे हैं हाल ही में एशियाई फुटबॉल गेम 13 तारीख से चालू होने वाला है जिसमें एशिया के कई प्रसिद्ध खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेंगे और हमारे देश की फुटबॉल उत्थान पर है देश में कई मशहूर प्लेयर विदेश में भाग ले रहे हैं सीहोर में इंटरनेशनल प्लेयर और नेशनल प्लेयर निकलते हैं यहां पर फुटबॉल का जबरदस्त माहौल है फुटबॉल खेल कर आप अपना फ्यूचर बनाएं और सीहोर जिले को प्रदेश एवं देश में गौरवान्वित करें आज का मैच गुड मॉर्निंग क्लब ने मध्यांतर तक शानदार खेल का प्रदर्शन किया मध्यांतरित पक्ष सीहोर वॉइस दो जीरो से बढ़त ली हुई है अंकित गुप्ता का स्वागत जिला फुटबॉल एसोसिएशन के वरिष्ठ खिलाड़ी आनंद उपाध्याय फुटबॉल कोच विपिन पवार विजेंद्र परमार संजय शर्मा अरुण राठौर ने किया।

## आशा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जताया आक्रोश, दिया ज्ञापन

**सीहोर।** काम के बोझ तले दबी आशा पर्यवेक्षक पर आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए अत्यधिक दबाव बनाया जा रहा है। जबकि कार्य का कम्प्यूटर ऑपरेटर या तकनीकी कौशल से संबंधित विभाग का है। इसके कारण आशाओं के निर्धारित कार्य संपादित नहीं हो पा रहे है। इस मामले को लेकर मंगलवार को आशा कार्यकर्ता भूरी बी के नेतृत्व में आशा कार्यकर्ताओं और पर्यवेक्षकों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया है।

सक्रिय आशा संगठन नेत्री भूरी बी ने बताया की आयुष्मान कार्ड बनवाने के के चक्कर में समुदाय को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं और उनकी प्रोत्साहन राशि पर खरा असर पड़ रहा है क्योंकि आशा कार्यकर्ताओं को कार्य के बदले प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाता है। आयुष्मान काई चनाने के लिए




सभी आशाओं के पास एंड्रॉयड फोन नहीं है और विभाग द्वारा भी डाटा के लिए कोई राशि प्रदान नहीं की जाती है। तकनीक वाले ऑपरेटर एवं अन्य कर्मचारी भी इस एप्प पर कार्य करने में कठिनाई महसूस कर रहे है और ऐसे में आशाओं को कार्य को करने के लिए बाध्य करना न्यायसंगत नहीं है। आशाओं ने कहा कि आशाओं को समय पर राशि प्रप्त नहीं होती है। आशाओं की राशि में. जो कटौती की जाती है उस कटौती को भी रोका जाये। आशा को स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के रूप में ग्राम में 24 घंटे सेवाएं देनी होती हैं ऐसे में मरीज या गर्भवती महिलाओं की जाँच के लिए उनके साथ कई बार स्वास्थ्य संस्थानों पर जाना होता है। परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत इस समय नसबंदी शिविरों का आयोजन लगातार किया जा रहा है जिसके लिए लक्ष्य दंपत्ति को प्रोत्साहित करने, नसबंदी कराने के लिए अभा आवश्यक जांचों के लिए उनके साथ स्वास्थ्य संस्था पर जाने और उसके बाद लगातार उनकी देखरेख करने की का कार्य आशा करती है। ज्ञापन देने वाली आशाओं में रानी राठौर, निशा व्यास, लता कोरवे, शकीला बी, भूरी बी, कला मेवाड़ा, भूरी मालवीय, सीता परमार, सूनीता वर्मा, जयप्रदा, कविता अहिरवार, रीना मालवीय आदि आशा कार्यकर्ता और पर्यवेक्षक शामिल रही।

## रेलवे प्लेटफार्म पर पर्याप्त शेड न ही बेंच यात्री नीचे ठंडे फर्श पर बैठने को मजबूर

# रेलवे स्टेशन : कुबेरेश्वरधाम जाने हजारों की संख्या में सीहोर आते हैं श्रद्धालु, नहीं मिलती सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कुबेरेश्वरधाम आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। रोजाना लगभग 1 हजारों लोग यहां आते हैं। इनमें अन्य जिलों से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी ज्यादा होती हैं जो बड़ी संख्या में ट्रेनों से यहां पहुंचते हैं। रेलवे स्टेशन पर पर्याप्त शेड और बेंच नहीं होने के कारण ये यात्री ठंडे फर्श पर बैठने को मजबूर हैं। हालांकि रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए यहां पर वेटिंग हाल तैयार किया गया है, लेकिन यह भी छोटा पड़ता है। रेलवे स्टेशन पर हर कुबेरेश्वरधाम जाने के लिए हजारों की संख्या में आते हैं। इसी संख्या के मान से



प्लेटफार्म पर पर्याप्त व्यवस्थाएं और सुविधाएं नहीं

हैं। सीहोर रेलवे स्टेशन काफी छोटा है।

**प्लेटफार्म पर शेड की कमी, बारिश में भी होती है दिक्कत :** एक सबसे बड़ी समस्या यहां पर प्लेटफार्म पर शेड की है। शेड काफी कम जगह पर है। इसलिए गर्मी, बरसात के दिनों में यात्रियों को काफी परेशानी होती है। कई बार तो ट्रेन के इंतजार में खड़े यात्री भीग जाते हैं। बारिश होने के कारण उन्हें भीगते हुए ट्रेन में चढ़ना पड़ता है। प्लेटफार्म दो पर तो काफी कम जगह पर शेड है। इसलिए यह भी एक बड़ी समस्या है।

**नीचे बैठकर ट्रेन आने का करते हैं इंतजार :** कई यात्री प्लेट फार्म पर नीचे बैठकर गाड़ी आने का इंतजार करते हैं। हालांकि रेलवे ने पिछले कुछ समय से यहां पर यात्रियों के बैठने के लिए वेटिंग हाल बनाने के अलावा प्लेटफार्म पर बैठने के लिए बेंच तो लगाई हैं, लेकिन यात्रियों की संख्या के हिसाब से यह काफी कम है। पहले यहां पर बहुत कम यात्री ही आते-जाते थे, लेकिन कुबेरेश्वरधाम की प्रसिद्धि के बाद अब अचानक रेलवे यात्रियों की संख्या बड़ी है। इसलिए यात्रियों की संख्या को देखते हुए रेलवे को भी यहां पर काफी प्रयास करने होंगे। हालांकि अभी कई काम यहां पर चल रहे हैं।

## 27 वें राष्ट्रीय युवा उत्सव नासिक महाराष्ट्र में बढ़ाएंगे सीहोर का गौरव



**सीहोर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित 27वे राष्ट्रीय युवा उत्सव में सीहोर के अतुल वर्मा का चयन। जिला सीहोर के छात्र अतुल वर्मा पुत्र सवाई सिंह वर्मा का चयन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव नासिक महाराष्ट्र के लिए हुआ अतुल वर्मा नासिक महाराष्ट्र में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे अतुल पूर्व में भी राष्ट्रीय शिविरों में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर जिले और राज्य का गौरव बढ़ा चुके हैं इसी महीने अतुल ने राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भी जिला सीहोर का प्रतिनिधित्व किया एवं नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित भाषण प्रतियोगिता में अपने वक्तव्य के हुनर से भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया छात्र की इसी वक्तव्य कला को देखते हुए स्वयंसेवक का चयन राष्ट्रीय युवा उत्सव नासिक महाराष्ट्र के लिए किया अतुल वर्मा राष्ट्रीय सेवा योजना मुक्तिकाई बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय के स्वयंसेवक है और मुक्तिकाई बरकतउल्ला विश्वविद्यालय कार्यक्रम अधिकारी राहुल सिंह परिहार के मार्गदर्शन में निरंतर कार्य कर रहे हैं अतुल का पूर्व में भी उत्कृष्ट विद्यालय सीहोर में अध्ययन के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्रीय स्तरीय शिविर छत्तीसगढ़ में चयन हुआ था अतुल समय-समय पर कई सामाजिक कार्य में जिले में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं नुक्कड़ नाटक, एड्स, मनोसामाजिक समस्या, महिला हिंसा, आगाज़ इंटर्न के रूप में बाल संरक्षण जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर समाज में लगातार जन चेतन फैला रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ का प्रांतीय अधिवेशन संपन्न

**सीहोर।** सीहोर स्थित शासकीय चंद्रशेखर आजाद अग्रणी महाविद्ययालय सीहोर में संपन्न हुआ। जिसमें महेंद्र शर्मा को संगठन का पुनः निर्विरोध प्रांतीय अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय ने संघ के प्रहरी नाम की लघु वेतन की स्मारिका का विमोचन भी किया गया। संघ के नवनिर्वाचित प्रांत अध्यक्ष महेंद्र शर्मा चौथी बार निर्विरोध निर्वाचित हुए। कार्यक्रम को सफ ल बनाने हेतु मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ सीहोर के अध्यक्ष श्री परमार द्वारा सभी जिला कार्यकारणी सीहोर को अभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से संरक्षक अशोक कचनेरिया, सचिव दीलीप सिंह तोमर, कोषाध्यक्ष उमराव सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुमेर सिंह मेवाडा, उमेश खरे, राजेन्द्र पाल, विष्णु कचनेरिया, राजेश प्रजापति, शिवनारायण वट्टी, आर.डी. भारती, कमल सिंह धनगर, विनोद मालवीय, सुरेश महोबिया, श्रीपाल भैरवे, मुन्नालाल मालवीय, सहदेव सिंह, लक्ष्मण सिंह, हरिकिशन कीर उपस्थित रहे।

### कलेक्टर गुप्ता की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी बैठक आयोजित

# क्षिप्रा शुद्धिकरण के लिए सभी विभाग मिलकर कार्य योजना बनाएं: कलेक्टर

किसानों को प्रेरित कर क्षिप्रा के किनारे पौधारोपण करने करें जागरूक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर प्रियंका मिमरोट, एसडीएम देवास बिहारी सिंह, एसडीएम टोंकखुर्द कन्हैयालाल तिलवारी, डिप्टी कलेक्टर प्रिया चंद्रावत, डिप्टी कलेक्टर संजीव सक्सेना, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअल शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर गुप्ता ने क्षिप्रा शुद्धिकरण के लिए नगर निगम, जनपद पंचायत, जल संसाधन, उद्योग विभाग, पर्यावरण एवं कृषि विभाग को एक सप्ताह में कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये। कलेक्टर गुप्ता ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिये कि क्षिप्रा शुद्धिकरण नागरिकों को जागरूक करें, स्कूलों में वाद विवाद और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित करें।

#### पौधे लगाने करें प्रेरित

आंगनवाडी कार्यकर्ता नागरिकों में क्षिप्रा शुद्धिकरण के संबंध में जागरूकता लाये। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि जनपद पंचायत देवास किसानों को प्रेरित कर क्षिप्रा के किनारे पौधारोपण करें। कृषि विभाग किसानों की कार्यशाला आयोजित कर जैविक खेती और पानी को शुद्ध करने वाले पौधे लगाने के लिए प्रेरित करें। नगर निगम को मेंढकी नाला में स्टॉप डेम और क्षिप्रा के पास बस्ती में सीवरेज नेटवर्क बनाने के निर्देश दिये। समय-सीमा बैठक में बिना अनुमति के अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर गुप्ता ने डीएम नॉन के एलके जोशी, टोंकखुर्द सीएमओ और दुग्ध संघ के एसके जैन को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर गुप्ता ने विभागवार टीएल प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि टीएल प्रकरणों निराकरण शीघ्र करें। समाधान ऑनलाइन शिकायतों पर कार्रवाई कर समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये।

#### योजनाओं की प्रगति की करें समीक्षा

बैठक में कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि शासन की प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हर सोमवार समय-सीमा बैठक में की जाएगी। स्वामित्व योजना के लंबित प्रकरणों का निराकरण करें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि स्वामित्व योजना अंतर्गत भूमि के नक्शे का प्रकाशन 20 जनवरी तक अभियान चलाकर करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सीमांकन, नामांकन, बंटवारे के लंबित प्रकरणों का निराकरण शीघ्र करें। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए ईकेवायसी जरूरी है। इसके लिए शिविर आयोजित कर ईकेवायसी का कार्य पूर्ण करें। गुप्ता ने कहा कि हितग्राहियों को राशन वितरण के लिए मोबाइल नम्बर एवं आधार सीडिंग का कार्य अभियान चला कर करें। जिनका मोबाइल नम्बर सीडिंग कार्य नहीं हुआ है।

# प्रताड़ना और धोखाधड़ी से तंग हार्डवेयर व्यापारी के पुत्र ने की थी आत्महत्या

## पुलिस ने अपराध दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हाटपीपल्या



पुलिस ने अंकित पर मामला किया दर्ज।

नगर के हार्डवेयर व्यापारी के युवा पुत्र की आत्महत्या के मामले में खुलासा हो गया है। पुलिस ने मर्ग की जांच के बाद धोखाधडी एवं प्रताडित करने का अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 31 दिसम्बर की रात्रि में हार्डवेयर व्यापारी प्रशान्त अग्रवाल के युवा पुत्र योगेश अग्रवाल (20) ने अपनी देवगढ रोड स्थित दुकान में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली थी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच प्रारम्भ की थी।

पुलिस ने घटना के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले और परिजनों के बयान लिए गए। एकत्रित किए गए साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने पाया की योगेश देवगढ रोड पर सीमेंट व सरिया आदि की दुकान चलाता था। योगेश सेअंकित पिता जगदीश निमावत व अन्य लोगो ने दोस्ती कर लालच देकर धोखाधडीपूर्वक आनलाईन कैसिनो, जिसे जुआ, सट्टा चक्का भी बोलते है के खेल में लगा दिया।जिसमें योगेश करीब 5-6 लाख रूपये अंकित व अन्य लोगो से हार गया। योगेश से अंकित ने और रूपये मांगे तथा योगेश को धमकाया गया।

जिससे परेशान होकर तथा अंकित के दबाव में आकर मानसिक रूप से प्रताडित होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने अंकित निमावत व अन्य के खिलाफ धारा 420 व 306 भा.दं.वि. के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। अपराध दर्ज होने से नगर में हडकम्प मच गया है और आनलाईन सट्टे से जुडे लोग भूमिगत हो गए है। मामले में देवास पुलिस की टीम छानबीन करने और साक्ष्य जुटाने हाटपिपल्या थाने पर पहुंची थी।

# मप्र विद्युत मंडल पेंशनर ऐसोशिएशन का वार्षिक महोत्सव हुआ संपन्न



**सीहोर।** सोमवार को स्थानीय गीता भवन सीहोर में मध्य प्रदेश विद्युत मण्डल पेंशनर ऐसोशिएशन, सीहोर का वार्षिक महोत्सव-2023 का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी अखिलेश राय, सतीष राठौर एवं प्रदीप बिजोरिया की गरिमामय उपस्थिति रही। इसके अलावा मध्य प्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड भोपाल के अनुकूल झारिया वरिष्ठ लेखा अधिकारी एवं अकबर सिंगारे लेखा अधिकारी भी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त पेंशनर एसोशिएशन हित रक्षक संघ भोपाल के संरक्षक शैलेन्द्र व्यास प्रांतीय अध्यक्ष अशोक गुप्ता, उपाध्यक्ष ए.के. अवस्थी, जिलाध्यक्ष के.के.मनवारे के साथ ही आष्टा से डॉ.राज श्रीवास्तव व एन.एल जोशी के नेतृत्व में लगभग 30 पेंशनर्स साथी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात पेंशनर संघ के 75 वर्ष पूर्ण किये जाने वाले साथियों को शॉल व श्रीफल से सम्मानित किया गया एवं पेंशनर ऐसोशिएशन सीहोर शाखा की स्मारिका वार्षिक महोत्सव 2023 शक्ति पूंज का अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया। इस अवसर पर पेंशनर ऐसोशिएशन के नरसिंह मेवाड़ा, नेतराम राठौर, चन्द्रभान यादव, तरूण गोसाई, एस.एल.नारेडा, राधेश्याम वर्मा, शिवशंकर सिंह, कमल शर्मा, एस.पी.वारिया एवं सभी साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नरसिंह मेवाड़ा द्वारा किया गया एवं आभार व्यक्त एस.पी.वारिया ने व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच और मुस्लिम महासंघ ने मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन



**सीहोर।** राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच एवं भाजपा समर्पित संगठन राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ के प्रदेश व जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने खनिज विभाग जिलाधिकारी और खनिज निरीक्षक द्वारा कार्यालय में दुर्व्यवहार करने को लेकर डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा एवं तहसीलदार प्रिया जैन को ज्ञापन दिया। राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच एवं भाजपा समर्पित संगठन राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष नौशाद खान ने कहा कि खनिज विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा नियमानूसार रायल्टी अदाकर रेत खनन और परिवहन करने वाले छोटे कारोबारियों एवं वाहन चालकों को लगातार परेशान किया जा रहा है। अधिकारियों की करतूत के कारण जिले में भाजपा सरकार और खनिज विभाग के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की गरीमा पर गलत असर पड़ा रहा है और सरकारी राजस्व बढ़ाने में सहायक छोटे कारोबारियों वाहन चालकों के साथ उनकी परेशानियों का समाधान करने के लिए जिला खनिज कार्यालय पहुंचने वाले जनप्रतिनिधियों के साथ विधानसभा चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशियों के हित में काम करने वाले कांग्रेस विचार धारा के खनिज विभाग के जिलाधिकारी राजेंद्र परमार और खनिज निरीक्षक संतोष सूर्यवंशी के द्वारा दुर्व्यवहार किया जा रहा है। श्री खान ने इस तरह के भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्य करने वाले कांग्रेस समर्पित अधिकारियों कर्मचारियों को तत्काल जिले से स्थानांतरित किए जाने की मांग सरकार से की है।

# यात्रा: केंद्र और राज्य की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



विकसित भारत संकल्प यात्रा विगत 16 दिसम्बर से निरंतर जिले में निर्धारित ग्रामों का भ्रमण कर जरूरतमंद और पात्र नागरिक जो किन्हीं कारणों से शासन की योजनाओं के हितलाभ से शेष रह गए हैं, उन तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनके जीवन में खुशहाली लाना ही विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। विकसित यात्रा के दौरान प्रत्येक विकासखंड के अंतर्गत निर्धारित ग्रामों में आईईसी वैन में लगे एलईडी के माध्यम से ग्रामीणजनों योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। निर्धारित ग्राम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए जा रहे हैं। यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों द्वारा केंद्र एवं राज्य की योजनाओं के बारे में ग्रामवासियों जानकारी दी जा रही है। केन्द्र और राज्य शासन द्वारा समाज के सभी वर्गो के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। योजनाओं का लाभ लेने के लिए नागरिकों को कार्यालयों में जाने की आवश्यकता नहीं है। सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से अधिकारी स्वयं गांव-गांव पहुंच कर पात्रतानुसार हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभान्वित कर रहे हैं।

विकसित भारत यात्रा 09 जनवरी को ग्राम पंचायत हथनौरा, किलेरामा, पलासी, पिलुखेड़ी, दोनिया आदि ग्रामों में भ्रमण कर योजनाओं कि जानकारी नागरिकों को दी गई। यात्रा में आईईसी वैन में लगे एलईडी के माध्यम से ग्रामीणजनों योजनाओं का प्रचार-प्रसार एवं अन्य माध्यमों से शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दूरस्थ गावों और जरूरतमंद नागरिकों तक पहुंच रही है। योजनाओं के माध्यम से उनके जीवन में खुशहाली और समृद्धि लाने के प्रयास किये जा रहें है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अभिनव पहल हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति एवं अटल पेंशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री उज्वला जैसी अनेक योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। स्व सहायता समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं और इनके सकारात्मक परिणाम भी मिल रहे हैं। महिलाएं योजना का लाभ लेकर ना सिर्फ आत्मनिर्भर बन रहीं हैं बल्कि परिवार की उन्नति में भी योगदान दे रहीं हैं।

# संकल्प वृद्धाश्रम में शिव चतुर्दशी व्रत और प्रदोष पर भजन और प्रसादी का वितरण



**सीहोर।** इस माह में आने वाले शिव चतुर्दशी व्रत और प्रदोष के संयोग पर शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में एक दिवसीय प्रवचन और भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस मौके पर उज्जैन स्थित शनि मंदिर के पुजारी पंडित सचिन त्रिवेदी के मार्गदर्शन में वृद्धजनों के द्वारा भगवान शिव का विशेष अभिषेक किया गया और शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र और वृद्धाश्रम में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्र और श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के संचालक राहुल सिंह सहित अन्य ने यहां पर मौजूद वृद्धजनों को प्रसादी का वितरण किया। इस मौके पर पंडित श्री त्रिवेदी ने कहा कि ऐसा संयोग साल में बहुत कम देखने को मिलता है जब शिव के प्रिय दोनों व्रत एक ही दिन हो, इस दिन साल का पहला भौम प्रदोष व्रत है। उन्होंने बताया कि शिवजी की पूजा कर के पूरे दिन व्रत रखा जाता है। प्रदोष व्रत हर महीने के दोनों पक्षों में एक-एक बार आता है। इसे हर महीने के दोनों पक्षों के त्रयोदशी (13वें दिन) को किया जाता है। वहीं इसके अगले दिन मासिक शिवरात्री होती है। हर माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मासिक शिवरात्रि के नाम से जाना जाता है। हर महीने में प्रदोष और शिवरात्री दोनों ही व्रत भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने के लिए किए जाते हैं। शिव पुराण के अनुसार शिवरात्री पर भगवान शिव लिंग के रूप में प्रकट हुए थे वहीं प्रदोष तिथि पर भगवान शिव मृत्युलोक यानी पृथ्वी पर रहने वालों पर ध्यान देते हैं। प्रदोष व्रत में भगवान शिव की पूजा की जाती है। यह व्रत निर्जल अर्थात बिना पानी के किया जाता है। प्रदोष व्रत की विशेष पूजा शाम को की जाती है। इसलिए शाम को सूर्य अस्त होने से पहले एक बार फिर स्नान करें। साफ़ सफेद रंग के वस्त्र पहन कर पूर्व दिशा में मुंह कर भगवान की पूजा की जाती है।

# संभाग स्तरीय अंतर शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शासकीय आवासीय खेलकुद संस्थान सीहोर में संभाग स्तरीय अंतर शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर थे। प्रतियोगिता के दस आयोजन में भोपाल संभाग के सीहोर भोपाल, विदिशा, राजगढ एवं रायसेन के 312 बालक बालिकाओं ने हिस्सा लिया। साथ में कोच एवं मैनेजर भी उपस्थित रहे। मैच के फ ायनल मे बालिका 17 वर्ष मे रायसेन विजेता एंव सीहोर जिला उपविजेता रहा। बेस्ट प्लेयर बालिक कु. लक्ष्मी रही । इसी तरह बालक 17 वर्ष फ ायनल मे आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर की टीम विजेता तथा भोपाल की टीम उपविजेता रही। बेस्ट प्लेयर सुमित रहे।

इस अवसर पर जिला क्रीडा अधिकारी अताउल्लाह खान, भरत लाल शर्मा, जिला योग प्रभारी मनोज व्यास, बबीता तोमर, राजेश मालवीय, नारायण कुशवाहा, महेन्द्र बाथम, प्रभात मेवाडा, सुनंदा वर्मा, पी.एस. मांडवा, नीलमणी सेंगर, सचिन जिवेदी, पवन, ओमप्रकाश पंवार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अंकुर शर्मा ने तथा आभार अताउल्ला खान ने व्यक्त किया।

## माइंड्स आई इंटरनेशल स्कूल में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन

# धरोहर हमारी संस्कृति हमारी सभ्यता का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर







नगर में संचालित माइंडस आई इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को वार्षिक उत्सव धरोहर हमारी , संस्कृति हमारी सभ्यता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता एवं राजस्व मंत्री प्रतिनिधि विष्णु करणसिंह वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे , जबकि नायब तहसीलदार नवल किशोर कटारे भारती शर्मा सिटी कोआर्डिनेट सी. बी.एस.ई ,विलिस सैम प्लेसमेंट एंड ट्रेनिंग ऑफिसर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया । तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने गणेश वंदना का मधुर प्रस्तुतीकरण किया । इसके बाद सभी ने नन्हे बच्चों के डांस का लुत्फ उठाया । विद्यालय के नन्हे सितारों का नृत्य कौशल देखकर समस्त अभिभावक अचंभित रह गए साथ ही रेट्रो थीम डांस ने सभी को गुजरे जमाने की याद दिला कर झूमने पर मजबूर कर दिया । बच्चों की प्रस्तुति को देखकर अतिथिगण अपने बचपन की यादों में मानो खो से गए । विद्यालय की यू.एस.पी. अबेकस, मिडब्रेन, जीके, कैलेंडर इन सभी गतिविधियों में बच्चों की रिकॉर्ड ब्रेकिंग प्रतिभा और अविश्वसनीय उत्तर देने की तत्परता को देखकर पंडाल में उपस्थित दर्शक अचरज में पड़ गए । कितनी सहजता से माइंडस आई इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने बड़ी से बड़ी गणित की समस्याओं को चुटकियों में हल कर दिया । वहीं दूसरी और आंख पर पट्टी बांधकर केवल चीजों को महसूस करके, सूंघकर एवं छूकर उसका सही उत्तर बता पाना किसी के भी बस की बात नहीं है । यही नहीं विद्यार्थियों की प्रतिभा के परीक्षण के लिए स्वयं अभिभावक मंच पर आए और न सिर्फ उनसे सवाल किया बल्कि उनकी प्रतिभा की सराहना भी की । सामान्य ज्ञान (जी.के.) के दौरान विद्यार्थियों ने कुछ ही सेकंड्स में 195 देश की राजधानियां साथ ही 80 देशों की मुद्रा व यही नही कौंसिल ऑफ़ मिनिस्टर्स उनके पद सहित बतलाए । विद्यालय के बच्चो ने अपने कठिन परिश्रम एवं निरंतर प्रयास और एकाग्रचित्त होकर आज सभी के समक्ष ये साबित कर दिया कि कुछ भी असम्भव नहीं है। मैनेजिंग डायरेक्टर ने बुजुर्गो पर आधारित एक्ट में बागबान थीम पर बताते हुए कहा कि आज कई घरों में यही हालत है ।इसके बाद नृत्य को देखकर सभी की आंखें नम हो गई साथ ही इंक्रेडिबल इंडिया, चंद्रयान, अयोध्या राम मंदिर पर आधारित नृत्य ने न सिर्फ सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया बल्कि हमारी देशभक्ति एवं आध्यात्म से जुड़ाव का परिचय भी दिया । इसके साथ पुराने जमाने वी नए जमाने में परवरिश में अंतर बताया। अंत में मुख्य अतिथि, विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर अजीत सिंह एंव प्राचार्या मनीषा द्वारा समस्त विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में पायल मैडम , नरेंद्र सर, सपना मैडम,प्रियंका मैडम, अंजू मैडम,सोनिया मेम,रानी ,कोरियोग्राफर राहुल व दीपक एवं समस्त स्टॉफ मौजूद था।

### हिंदू संगठनों ने घर-घर जाकर अक्षत बांटे



**रेहटी।** रामलाल प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त पूरे भारतवर्ष में अक्षत वितरण अभियान 15 जनवरी तक चल रहा है ऐसे श्रेणी में रेहटी नगर और उसके आसपास की कॉलोनी में अक्षत वितरण अभियान चलाया जा रहा है बजरंग दल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं भाजपा नेता सहित हिंदू उत्सव समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर दे रहे हैं अक्षत आमंत्रण एवं घरों के बाहर पांच दीपक एवं रंगोली बनाकर दिवाली मनाने का आह्वान कर रहे हैं भारतीय जनता पार्टी के नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्रमीना पटेल एवं सिलाई कला बोर्ड के अध्यक्ष मनोहर लाल जी महेश्वरी, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता एवं महामंत्री अश्विनी नानकानी (बंटू ) भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मां बिजासन धाम सलकनपुर ट्रस्ट सदस्य रामगोपाल जी टेलर, बजरंग दल के अध्यक्ष कपिल चौहान , पार्षद प्रतिनिधि नंदकिशोर सैनी, पार्षद पुरुषोत्तम मंमतानी शिवनंदन जी ठाकुर, ओम प्रकाश प्रकाश माहेश्वरी, जुगल किशोर सिसोदिया ,नरेंद्र वर्मा , महेंद्र नागर , बालकृष्ण विश्वकर्मा, राघवेंद्र मालवीय , जितेंद्र चौहान मास्साब, दिलीप गुप्ता सहित अन्यलोक उपस्थित रहे।

### आमंत्रण व पीले चावल पाकर हुई भावुक, अस्वस्थ होने के बाद भी उठकर बोलीं बन गया रामलला का मंदिर

# जब 91 साल की भंवरी ने राममंदिर निर्माण के लिए सौंप दी थी अपनी दिनभर की मजदूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा



समर्पण के भाव प्रबल हो तो फिर किसी भी तरह का बंधन आड़े नहीं आता। यूं तो दान धर्म में सभी ने अपने अपने हिसाब से अयोध्या में निर्माण होने वाले राममंदिर के लिए अपना समर्पण कर सहयोग दिया, परंतु मजदूरी कर जीवन यापन करती आ रही 91 साल की भंवरीबाई की बात कुछ अलग है। अयोध्या से आए अक्षत और आमंत्रण देखकर वह भावुक हो गई और अस्वस्थ होने के बाद भी उठकर बोली - बन गया रामलला मंदिर ? तब वहां पर श्रीराम मंदिर अक्षत वितरण कार्यक्रम के नगर प्रभारी गोपाल सक्सेना ने बताया की आने वाली 22 तारीख को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होने वाला है यह उसी का बुलावा है।

## 2021 में प्रकाशित समर्पण समाचार ,जब मजदूरी भी कर दी थी रामलाल मंदिर निर्माण को समर्पित

सुठालिया में रहने वाली भंवरीबाई अपने छोटे मोटे काम कर अपनी दिहाड़ी किया करती थी। आज भी उन्हें 22 जनवरी 2021 का वो दिन याद है जब वह 89 वर्ष की रही होगी उस समय उन्होने श्रीराम मंदिर निर्माण निधि में समर्पण करते हुए अपनी पूरे दिन की मजदूरी अर्पण कर दी थी। उस समय उपस्थित विश्व हिन्दू परिषद के ब्यावरा जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं सुठालिया के गोपाल सक्सेना ने उनकी आर्थिक स्थिती देखते हुए उनसे मना भी किया की आप तो रसीद ले लो पैसे रहने दो परंतु भंवरीबाई की आस्था और समर्पण भाव के कारण उन्होने अपनी साडी के पल्लु में बंधे हुए सभी सिक्के गिनकर रामलला मंदिर निर्माण के लिए दान किए थे। जब उन सिक्को को समर्पण मंडल द्वारा गिना गया तो वह पूरे 10 रुपए थे।



समर्पण के लिए संपर्क, मंदिर निर्माण के लिए आगे आए लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

श्रीराम मंदिर निर्माण निधि समर्पण अभियान में उत्साह से समर्पण कर रहे लोग, सांसद, भाजपा जिलाध्यक्ष, जिपं अध्यक्ष ने दी एक लाख से अधिक की राशि

श्रीराम मंदिर निर्माण निधि समर्पण अभियान के तहत जिलेभर में भी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा समर्पण कराया जा रहा है। इसके लिए गांव- गांव, शहर व कस्बों में टोलियां पहुंच रही है और लोगों से मंदिर निर्माण के लिए समर्पण का आग्रह कर रही है। इसके अलावा विशेष संपर्क के दौरान जिले के गणमान्य लोगों से भी संपर्क किया जा रहा है। मंदिर निर्माण के लिए लोग आगे आ रहे हैं और उत्साह से राशि का समर्पण भी कर रहे हैं। संपर्क के दौरान सांसद रोडमल नागर ने 1 लाख 11 हजार 101, भाजपा जिलाध्यक्ष दिलवर यादव ने 1 लाख 1 हजार, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जसवंत सिंह गुर्जर ने 1 लाख रुपए का समर्पण मंदिर निर्माण के लिए किया है। इनके अलावा भी जिले के कई लोग बड़ी राशि का समर्पण कर रहे हैं।

मोहल्लों में निकली रामभक्तों की टोली

विशेष संपर्क के अलावा तीर्थ क्षेत्र द्वारा समाज के हर तबके से राशि समर्पण का लक्ष्य लिया है। ऐसे में अभियान समिति से जुड़े कार्यकर्ता जिले के गांवों, कस्बों एवं शहर के मोहल्लों में संपर्क कर रहे हैं। लोगों से मंदिर निर्माण के लिए अपनी श्रद्धा अनुसार समर्पण का आग्रह कर रहे हैं। न्यास द्वारा 10 रुपए, 100 रुपए और 1000 रुपए के कूपन और इससे अधिक राशि के लिए रसीद बुक भेजी है। जिनके माध्यम से संग्रह किया जा रहा है। गौरतलब है कि अभियान के तहत जिलेभर में 15 जनवरी से अभियान की शुरूआत हुई है। यह अभियान फरवरी माह तक चलने वाला है।

10 रुपए देकर कहा, मेरी राशि अयोध्या पहुंचाओ

भगवान राम के मंदिर निर्माण को लेकर समाज के हर तबके से लोग अपनी समर्पण राशि दे रहे हैं। सच्चे मन से मंदिर के शीघ्र बनने की प्रतीक्षा कर रहे है। सुठालिया में मंदिर निर्माण भाव जागरण के लिए वाहन रैली निकाली गई। इसमें सुठालिया निवासी एक वृद्धा ने अपनी गठरी में से 10 रुपए निकालकर कार्यकर्ताओं को दिए और कहाकि, मेरी राशि की रशीद बनाओ और अयोध्या तक पहुंचाओ। ताकि मंदिर निर्माण में मेरी भूमिका भी तय हो। कार्यकर्ताओं ने तत्काल उनके द्वारा दी गई राशि का कूपन उन्हें भेंट किया।

### 91 साल की भंवरी आमंत्रण देख हुई भाव विभोर

आज भले ही भंवरी बाई मेहर अस्वस्थ है उन्हें उठने बैठने में भी परेशानी हाती है परंतु उन्हें जैसे ही पता चला की राममंदिर निर्माण आने वाली 22 तरीख को प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है इसीलिए आपको अयोध्या से पीले चावल लेकर आमंत्रण आया है तो उनकी आखें खुशी में नम हो गई। उन्होने उपस्थित लोगों से लडखडाती आवाज में पूछा, हो गया अयोध्या में रामलला के मंदिर का निर्माण। इस पर उपस्थित लोगों ने प्राण प्रतिष्ठा की बात से अवगत कराया और उनके जल्दी स्वस्थ होने की कामना की। इस समय खंड कार्यवाह धर्मेन्द्र मीणा,कैलाश साहू, भावेश पालीवाल,बहादुर सेन, गौतम शर्मा, विशाल सरावत आदि मौजूद रहे।

## संस्था जय भारत ने किया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

### मरीजों की नि:शुल्क जांच कर दवाई गोली का किया वितरण




सारंगपुर। नगर की समाज सेवी संस्था जय भारत द्वारा चिरायु मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के सहयोग से रविवार को उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न बीमारियों के लगभग 1900 मरीजों की जांच एवं दवाई गोली का वितरण निशुल्क किया गया तथा 100 से अधिक नेत्र रोगियों को ऑपरेशन के लिए भोपाल भेजा गया। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष संजय विजयवर्गी सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष संजय शर्मा, पार्षद सुनील बागवान, अनूप पालीवाल, सहित अन्य अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

#### हजारों मरीजों का हुआ पंजीयन

संस्था जय भारत द्वारा आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में हड्डी रोग शुगर ब्लड प्रेशर हृदय रोग नेत्र रोग दंत रोग नाक कान गला रोग मानसिक रोग छाती एवं स्वास्थ्य रोग शिशु रोग स्त्री रोग सहित अन्य बीमारियों के लगभग 1900 से अधिक लोगों का पंजीयन हुआ चिरायु मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल भोपाल के डॉक्टरों द्वारा पंजीकृत सभी मरीजों की निशुल्क जांच कर दवाई गोली का निशुल्क वितरण किया गया। इस दौरान संस्था जय भारत के डॉक्टर नितेश मिश्रा प्रकाश चैरसिया मयंक श्रीमाल पंकज शर्मा प्रखर विजयवर्गीय कमल चौरसिया राहुल राठौर लखन चौरसिया प्रकाश विजयवर्गी विशाल चौरसिया सुनील प्रजापति सहित अन्य सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

### जीरापुर की रूपाहेड़ा पंचायत का मामला

## रोजगार सहायक के हाथ से मस्टर छीनकर फाड़े, की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर- राजगढ़

जीरापुर जनपद की रूपाहेड़ा ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक के साथ एक व्यक्ति द्वारा मारपीट करते हुए शासकीय मस्टर आदि फाड़ दिए गए। पीड़ित रोजगार सहायक ने इस बारे में थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

जानकारी के अनुसार रूपाहेड़ा के रोजगार सहायक रामबाबू दांगी गत दिवस गांव में ही शासकीय कार्य कर रहे थे। इस दौरान गांव के शैलेंद्र राजपूत ने उनसे पैसों की मांग की। रोजगार सहायक दांगी ने बताया कि शैलेद्र अक्सर रुपए, पैसों की मांग करता रहता है। जब उन्होंने पैसे नहीं दिए तो मारपीट करते हुए मस्टर रोल फाड़ दिए। पुलिस ने षिकायत के बाद शैलेंद्र राजपूत पर शासकीय काम में बाधा पहुंचाने सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

#### सौर ऊर्जा प्लांट से प्लेट्स चोरी

गागोरनी स्थित सौर ऊर्जा प्लांट से अज्ञात व्यक्ति द्वारा 30 हजार रुपए कीमती केबल एवं एमसी कनेक्टर चुरा ले गए। चोरी गए सामान की कीमत करीब 30 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने प्लांट के पंकज गुर्जर की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है।

## प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत शिविरों का हुआ आयोजन




अशोकनगर। कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री जनजाति न्याय महाअभियान अंतर्गत जिले में पीएम जनमन योजना के तहत आदिवासी बाहुल्यं ग्रामों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आदिवासी बस्ती धनवारा ग्राम पंचायत अंघौरा दीवान, ग्राम बख्तर, ग्राम शंकरपुर में शिविर का आयोजन किया गया है। ग्राम बख्तर में आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। ग्राम शंकरपुर में जाति प्रमाण पत्र एवं जन्म प्रमाण पत्र के लिए संयुक्त दल द्वारा आवेदन भरे गये। साथ ही आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान पीएम जनमन योजना के अंतर्गत 31 बिन्दुओं पर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राही एवं शेष हितग्राहियों की जानकारी एकत्रित की गई।

### 1 हजार से ज्यादा किमी की यात्रा दौड़कर होगी पूरी, ब्यावरा पहुंचने पर युवाओं ने किया स्वागत

## इंदौर से 14 दिन में दौड़कर अयोध्या पहुंचेगा कार्तिक

ब्यावरा। 5 जनवरी को इंदौर के रणजीत हनुमान मंदिर से 1008 किलोमीटर की पैदल दौड़कर यात्रा का लक्ष्य 14 दिनों में पूरा करने का संकल्प लेकर इंदौर के कार्तिक जोशी राम लाल की धरती पर पहुंचेंगे। कार्तिक जोशी का ब्यावरा पहुंचने पर ब्यावरा के युवा मयूर गुप्ता, मुकेश कुशवाहा, तनु गुप्ता, राहुल गुप्ता, आदित्य सिघी अंशु गुप्ता विजय साहू आदि युवाओं ने अयोध्या जाने वाले युवा कार्तिक जोशी का माला पहनकर भगवा दुपट्टा पहन कर उसका अभिनंदन किया व उसकी यात्रा सफल हो ऐसी सभी युवाओं ने कामना की।



इस दौरान अयोध्या की 1008 किलोमीटर दौड़कर यात्रा कार्तिक जोशी से चर्चा में उन्होंने बताया कि मैंने यह यात्रा 5 जनवरी से इंदौर के रंजीत हनुमान मंदिर प्रारंभ करती मेरा लक्ष्य 1008 किलोमीटर चलने का है जिस प्रकार श्री राम 14 वर्ष के वनवास के बाद घर पहुंचे थे, उसी प्रकार मेरा लक्ष्य भी 14 दिनों में अयोध्या की पावन धरती पर पहुंचने का रहेगा। हमारे पूरे बुजुर्ग 22 जनवरी के ऐतिहासिक दिन को देखने के लिए तरस गए थे। आज हम युवाओं को वह अवसर देखने को मिला है राम लाल अयोध्या में भाव मंदिर में विराजमान होने वाले हैं। यह हम सब देशवासियों के लिए गौरव का क्षण है इतिहास लिखा जाएगा। 22 जनवरी को अयोध्या से मेरा लक्ष्य 14 दिनों में यात्रा पूरा करने का है मेरे साथ परिवार के लोग भी चल रहे हैं भगवान श्री राम की पावन धरती अयोध्या में पहुंचकर मेरा जीवन धन्य होगा और सभी से में देशवासियों से अपील करना चाहूंगा कि सभी 22 जनवरी को अयोध्या पहुंचे और सभी की मंगल कामना के लिए भी मैं यह प्रार्थना करूंगा।

### जय श्रीराम के नारों से गूंजी गलियां, दुर्गा वाहिनी की बहनें ध्वज पताका लेकर निकलीं

## हिन्दू जागरण मंच विरांगना वाहिनी ने निकाला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर



हिंदू जागरण मंच की प्रांत सह आयोजक रिचा मिश्रा के सानिध्य में सभी बहनों को आत्म रक्षा के गुर सिखाते हुए लव जिहाद पर प्रकाश डाला। इसके पूर्व नगर में रविवार को भगवा ध्वज के साथ हिंदू जागरण मंच के बैनर तले विरांगना वाहिनी की हजारों बहनों ने नगर में विशाल पथ संचलन निकाला।

उक्त जानकारी हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक गगन सोनी ने बताया कि धर्म रक्षार्थ विरांगनाओं द्वारा 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की स्थापना के पूर्व विश्व हिंदू परिषद पूजित अक्षत चावल घर घर देकर निमंत्रण दे रहे हैं। वहीं हिंदू संगठन के जागरण मंच के द्वारा अलग अलग रूप से जन चेतना जागरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें सभी सनातन धर्मियों को 22 जनवरी को अपने अपने घरों में रामलाला उत्सव मनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। रविवार को नगर के मुख्य मार्गो पर विरांगना वाहिनी की बहनों ने अपने हाथों में भगवा पताका तथा शस्त्र लेकर जय श्रीराम के नारे लगा रही थीं। वहीं पथ संचलन के आगे बाइक पर बड़े बड़े भगवा पताका तथा पीछे विजय रथ के साथ मनमोहक पथ संचलन को देखकर हर कोई मोहित होते हुए जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। दुर्गा वाहिनी के पथ संचलन का जगह जगह स्वागत किया गया। इस दौरान डॉ विजेंद्र नागर,प्रमोद सोनी,जनपद अध्यक्ष देव नारायण नागर, प्रमोद सोनी, कपिल पुष्पद सहित विरांगना वाहिनी की बहने मौजूद थी। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से एसडीओपी अरविंद्र सिंह के निर्देश पर थाना प्रभारी शिवराज सिंह चैहान अपनी टीम के साथ थे। किया स्वागत तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री गौतम टेटवाल के निवास के बाहर कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा और जय श्री राम के जयकारों से किया स्वागत। स्वागत करने वालों में भाजपा जिला संयोजक कानूनी और विधि प्रकोष्ठ अमित सक्सेना, पूर्व पार्षद दिनेश शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश पुष्पद, कमलेश टेंटवाल, बाबूलाल मालवीय, बद्रीलाल बैंड, ओम पुष्पद, हुकम अहिरवार, अनिल जैन सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पूर्व क्रिकेटर पासी की स्मृति में एसपीसीएल का शुभारंभ

## पहले दिन चार मुकाबले, मन ऑफ द मैच बने अशद पठान, रायसेन टीम स्पर्धा से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶विदिशा



पूर्व क्रिकेटर स्व. संतोष पासी की स्मृति में जैन कॉलेज ग्राउंड पर एसपीसीएल प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इसमें पहला मैच न्यू शिव मंदिर बनाम राइजिंग स्टार विदिशा के मध्य खेला गया। जिसमें न्यू शिव मंदिर ने 101 रन का लक्ष्य राइजिंग स्टार के लिए दिया। जिसका पीछा करते हुए मात्र 72 रन बना पाई राइजिंग स्टार और मैच हार गई।

मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए अशद पठान को मन ऑफ द मैच चुना गया। दिन का दूसरा मुकाबला रायसेन यूथ बनाम आरसीवी के मध्य खेला गया। रायसेन यूथ ने 70 रन का पीछा करते हुए मात्र 6.1 ओवर में 4 विकेट से जीत दर्ज की। तीसरा मुकाबला तानिस्क 11 भोपाल बनाम यंगस्टर बासौदा के मध्य खेला गया। जिसमे भोपाल ने 111 रन का टारगेट यंगस्टर बासोदा को दिया। जिसका पीछा करते हुए यंगस्टर बासौदा मात्र 46 रन बना पाई और मैच गवां दिया।

दिन का अंतिम और दूसरे राउंड का मुकाबला तनिष्क 11 भोपाल बनाम रायसेन यूथ के मध्य खेला गया टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भोपाल की टीम ने 83 रन का टारगेट दिया। जिसका पीछा करने उतरी रायसेन यूथ 71 रन ही बना पाई और 12 रन से हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हुई।

## गीतकार सुशील सारंग के भजनों को 10 हजार लोगों ने सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर



विद्याभारती के वरिष्ठ कार्यकर्ता और अंचल के लोकप्रिय चित्रकार, संगीतकार एवं कवि सुशील सारंग ( व्यास ) यूं तो अपने द्वारा सृजित गीतों और भजनों के माध्यम से चर्चा में रहते ही हैं। परन्तु इन दिनों श्रीराम जन्म-भूमि पर नव-निर्मित भव्य-नव्य मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर केंद्रित आपके अनेक गीत सोशल मीडिया पर धूम मचाये हुए हैं। सुशील सारंग के अधिकांश गीतों को मालवांचल के उभरते गायक जीवन योगी ने संगीतबद्ध किया है व अपना स्वर दिया है, वहीं आगरा के सुप्रसिद्ध गायक प्रवीण शर्मा ने भी आपके अनेक गीतों को अपना स्वर दिया है। पीले चावल घर घर आये व ष्धन्य धरा है अवधपुरी की -जीवन योगी द्वारा गाये इन गीतों को जहाँ अभी तक दस हजार से भी अधिक लोग पसंद कर चुके हैं, वहीं प्रवीण शर्मा द्वारा गाये गए-बुला रही है धरा अवध की गीत के प्रशंसकों की संख्या भी लगभग इतनी ही है। ज्ञात रहे कि मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी सुशील सारंग को उनके मध्यप्रदेश से सम्बंधित गीत हेतु सम्मानित किया है। सुशील सारंग गीत गाते हुए चित्र बनाने की कला में माहिर हैं। सुशील सारंग की यह साधना अंचल के निवासियों को गौरव की अनुभूति कराती है।

### मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे शाबाज, तो वेस्ट बल्लेबाज नंदू और वेस्ट बॉलर का खिताब रहा शादाब के नाम

# बिग बैश लीग सीजन 3 में कांटे के मुकाबले में सीएसके रहा विजेता, एलएमसीसी उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

नगर के स्टेडियम में चल रही बिग बैश लीग सीजन 3 का आयोजन 31 दिसंबर से चल रहा था। शहर व आसपास के क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह टूर्नामेंट हमेशा से आर्कषण का केंद्र रहा है। सोमवार को खेले गए मुकाबलों के लिए क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। अंतिम दिन तीन मैच खेले गए जिसमें पहला मुकाबला बागवान पैन्थर और एलएमसीसी टीमों के बीच खेला गया। कांटे की टक्कर जैसे इस मुकाबले में एलएमसीसी ने जीत हासिल की। वहीं दिन का दूसरा मुकाबला मून लाइट और एलएमसीसी के बीच हुआ। इसमें भी एलएमसीसी ने मून लाइट टीम को चलता किया और शानदार जीत हासिल की। उल्लेखनीय है कि टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मुकाबला शनिवार को सीएसके और मून लाइट के बीच खेला गया था, जिसमें सीएसके ने यह मुकाबला आसानी



से जीतकर पहले ही अपनी जगह फाइनल में बना ली थी।

#### मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे शाबाज

बिग बैश लीग 3 में सीएसके टीम के खिलाड़ी शाबाज खान टूर्नामेंट के मेन ऑफ द टूर्नामेंट रहे। वहीं बेस्ट बल्लेबाज के रूप में नंदू ने अपना लोहा मनवाया। बेस्ट बॉलर के रूप में शादाब और बेस्ट फील्डर असीम खान रहे।

#### विजेता, उपविजेता और मेन ऑफ द सीरीज को मिली ट्रॉफियां

विजेता टीम सीएसके को 60 हजार का प्रथम पुरस्कार और उपविजेता टीम को 40 हजार का इनाम दिया गया। विजेता और उपविजेता ट्रॉफी अजय शर्मा जी प्रेस्टीज कॉलेज द्वारा दी गई । मेन ऑफ द सीरीज में 21 इंच एलईडी टीवी आनंद त्रिपाठी द्वारा दी गई।




#### विजेता टीम ने निकाला शहर में विजयी जुलूस

बैसे तो बैश लीग सीजन 3 सभी क्रिकेट मैच राजगढ़ शहर के क्रिकेट प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। क्रिकेट प्रेमियों ने खिलाडियों का खूब उत्साह वर्धन करते हुए फायनल मैच का आनंद लिया। वहीं विजेता टीम ने शहर में अपना विजयी जुलूस निकालते हुए सभी क्रिकेट प्रमियों का आभार प्रकट किया।

## खबर संक्षेप

### मेहतवाड़ा में हर घर पहुंचने लगे अक्षत



**जावर।** अयोध्या में चल रही भगवान की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण हर घर पहुंचाने का प्रयास संघ व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा हर घर निमंत्रण दिए जा रहे हैं। दूसरे दिन ग्राम मेहतवाड़ा में ग्राम की ही युवा टीम द्वारा घर-घर निमंत्रण दिया जा रहा है प्रत्येक घर जो सनातनी है उनको पीले चावल राम मंदिर का एक चित्र एक राम मंदिर का स्टीकर व मंदिर की पूरी जानकारी हर घर तक दी जा रही है। बताया जा रहा है कि 16 जनवरी से 22 जनवरी तक अयोध्या में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा होगी। उस समय से लेकर हमको हमारे गांव को ही अयोध्या बनाना है हर घर दीप जले मंदिरों में साज सज्जा हो और मंदिरों में भजन कीर्तन हवन आदि का कार्यक्रम हो ऐसा प्रयास करें। अपने ही गांव के मंदिर में 7 दिनों तक दर्शन करने जाएं एवं पूजा अर्चना करें। उक्त जानकारी विश्व हिंदू परिषद के जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर ने दी। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता एवं गांव की युवा टीम पूरे जोर शोर के साथ लगी हुई है।

### भारतीय किसान संघ की बैठक आयोजित

**आष्टा।** सरकार किसानों की खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए घोषणा तो करती है ,लेकिन इस पर अमल नहीं होता है। वहीं गेहूं का भाव इस साल 2700 रुपए क्विंटल किया जाए। किसानो के बिजली के बिल की समस्या का निदान कराया जाए। किसानों को समय पर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया जाए।देश के हम भंडार भरेंगे ,लेकिन कीमत पूरी लेंगे ,जब तक दुखी किसान रहेगा,धरती पर तूफान रहेगा। उक्त बातें भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक के पश्चात तहसील कार्यालय परिसर में नायब तहसीलदार चंचल जैन को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते समय किसान संघ के पदाधिकारी ने कही।बैठक में भारतीय किसान संघ तहसील के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में दिखाई दे रहे उत्साह और उमंग

# राममय हुआ माहौलः अयोध्या से आष्टा आया रामलला प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण





### राधा कृष्ण मंदिर से हनुमान चालीसा का पाठ कर शूरू किया गया अक्षत वितरण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जिस मंदिर का इंतजार हिंदुओं की कई पीढ़ियां कर रही थीं वो अब बनकर तैयार हो चुका है और भव्य व्यवस्था के साथ 22 जनवरी 2024 को राम लला अयोध्या के नए मंदिर में विराजमान होंगे. इस शुभ कार्यक्रम के लिए पूरे देश में निमंत्रण बांटा जा रहा है. अक्षत और श्रीफल के साथ अयोध्या से निमंत्रण आष्टा भी पहुंचा है।

अक्षत हल्दी निमंत्रण बाटने के लिए महिलाओं से पुरुष, बच्चे भी बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं। ऐसे में आष्टा शहर वर्तमान में पूर्ण रूप से राममयी दिखाई दे रहा है यहां लोगों में भारी उत्साह और उमंग देखने को मिल रहा है। स्थानियों का कहना है हम सभी हिंदू भाई इस पल का वर्षों से इंतजार कर रहे थे। हमारी कई पीढ़ियां बीत गई, लेकिन आज वो मंगल दिन के हम साक्षी बनने जा रहे हैं। हम सभी बहुत खुश हैं और अपने आप को भाग्यशाली मान रहे हैं कि हमें राम मंदिर काल में जीवन जीने का अवसर प्रभु ने दिया है। काछी पूरा राधा कृष्ण मंदिर से शुरू हुआ अक्षत वितरण कार्यक्रम में विहिप, संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे। घर-घर अक्षत वितरण में बच्चों से लेकर बड़े बूढ़े भी इस कार्य में अपना सहयोग कर रहे हैं. यहां तक कि महिलाएं भी घर घर जाकर अक्षत श्री राम की अयोध्या की फोटो वितरण कर रही हैं इस दौरान मंगलवार को शहर के काछीपूरा स्थित राधा कृष्ण मंदिर से हनुमान चालीसा का पाठ कर अक्षत वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमे विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं स्वयं सेवक संघ के साथ कुशवाह समाज के वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन में रामलला के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अक्षत काछीपूरा, शास्त्री कालोनी, राठौड़ मोहल्ला, अहीर मोहल्ले में वितरण कर निमंत्रण दिया गया।

इस दौरान प्रत्येक घर घर जाकर ढोल नगाड़ों के साथ जय श्री राम के जय जयकार कर अक्षत के साथ श्री राम की अयोध्या की फोटो दी जा रही है। विहिप, बजरंग दल के साथ संघ और कुशवाहा समाज के वरिष्ठ मौजूद रहे। काछी पूरा राधा कृष्ण मंदिर से शुरु हुए अक्षत वितरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कैलाश भोजवानी, पारसमल सिंघी, नगर कार्यवाह गणेश गोलू सोनी, विहिप के चंदर राजपूत, पार्षद विशाल चौरसिया, मनीष धारवा,पटेल मनोज कुशवाहा, कैलाश कुशवाहा, पूर्व पार्षद माखन कुशवाह, प्रकाश कुशवाहा, बलराम कुशवाहा, सुरेश जैन, पवन सैन, संजय कुशवाहा, दुलीचंद कुशवाह, भीमा कुशवाह,ईश्वर मेवाड़ा, गिरिजा कुशवाहा, उमा कुशवाज, गिरजेश कुशवाहा, निर्मला कुशवाहा, उषा कुशवाहा,छन्नू, मिश्रीलाल, अमृतलाल, अनुज, अप्पू सोनी, कीर्तन, घनश्याम सहित कई लोग मोजूद रहे।

# पार्वती नदी के तटों का होगा निर्माण कार्यः रायसिंह मेवाड़ा

### नदी के घाटों की हुई सफाई



**आष्टा।** नगर पालिका प्रतिनिधि ने सफाई कार्य का किया निरीक्षण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के नागरिकों को जीवन दायिनी मां पार्वती नदी के माध्यम से ही पेयजल उपलब्ध होता है। ऐसे में मां पार्वती नदी का रखरखाव करना अतिआवश्यक हो जाता है। इन सभी के चलते नगरपालिका द्वारा नगर की जीवन दायिनी मां पार्वती के रखरखाव हेतु जहां साफ-सफाई की गई, वहीं नदी के घाट को व्यवस्थित करने व नदी की सौंदर्यता को बढ़ाने के उद्देश्य से नगरपालिका द्वारा नगर के दोनों घाटों के निर्माण हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज पार्वती तट स्थित नगरपालिका अधिकारी के तकनीकी अमले के साथ पहुंचकर स्वयं मौजूद रहकर नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों द्वारा पार्वती तट की समुचित सफाई की गई, वहीं नदी के दोनों तटों के निर्माण हेतु तकनीकी अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों तटों का निर्माण लगभग 1 करोड़ 14 लाख रूपये की लागत से व्यवस्थित ढंग से होगा। तट के निर्माण होने के बाद नगर की जीवन दायिनी मां पार्वती का स्वरूप अत्यंत ही सुंदर व व्यवस्थित होगा। श्री मेवाड़ा ने बताया कि इसके पूर्व अलीपुर क्षेत्र के मिलने वाले गंदे नाले के पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि के साथ पार्षद हिफज्जुरहमान भैया मियां, डॉ. सलीम खान, राजकुमार मालवीय, सहायक यंत्री अनिल धुर्वे, सुभाष सिसौदिया आदि मौजूद थे।

### नपा कार्यालय के सामने बनी दुकानें 1 करोड़ 38 लाख में नीलम, नगर पालिका की बढ़ेगी आय




**आष्टा।** मंगलवार को नपा के बैठक हाल में 5 दुकानों का लेआउट डाल कर उस पर निर्माण कार्य शुरू करने के पहले उक्त बनने वाली पांचों दुकानों को लेने वाले से टेंडर बन्द लिफाफे में बोली आमंत्रित की गई। 5 दुकानों के लिए करीब 47 लोगो ने अधिकतम बोली लिख कर बन्द लिफाफे टेंडर के रूप में 50 हजार की राशि जमा कर अपने अपने लिफाफे नपा में जमा किये थे। सीएमओ राजेश सक्सेना ने कैमरे की आंख के सामने टेंडर खोले गये जिसमे सबसे अधिक राशि उक्त दुकानों के लिये जिन लोगो ने लिखी थी उनके नाम घोषित किये गये। इन दुकानों से किराये के रूप में हर माह जो राशि प्राप्त होगी वो नपा के लिये आय के अतिरिक्त स्त्रोत होंगे।

# पार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक कर समाजजनों ने किया दान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

श्री पार्श्वनाथ भगवान के जन्म कल्याणक के शुभ दिन मालव गिरनार तीर्थ पर विराजमान मातृ हरदिया साध्वी मेरु कीर्त, की शिष्य रत्ना साध्वी हर्षपूर्णा और साध्वी अध्यात्म हर्षा की निश्रा में श्री पार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक ढ़ोल नगाड़ों के साथ किया गया।

अभिषेक का लाभ नगीन कुमार, पुनित कुमार सिंगी परिवार ने लिया। बरास पूजन का लाभ नथमल, ताराचंद रांका परिवार ने लिया।




केसर पूजन का लाभ दिलीप कुमार, पुनित संचेती परिवार ने लिया।

पुष्प पूजन का लाभ चांद मल, सुरेशचंद धाड़ीवाल परिवार ने लिया। मुकुट पूजन का लाभ अनिल कुमार, चिंतन श्री श्री माल परिवार ने लिया। आरती का लाभ नथमल ताराचंद रांका परिवार ने लिया। उसके पश्चात श्री पार्श्वनाथ भगवान को चांदी का छत्र चढ़ाया गया। उसका लाभ स्व. चंदनमल कोठारी और स्व राजेश पारख आलोट वालो की स्म्रति में सचिन कोठारी और प्रशम पारख आलोट ने लिया। रात को प्रभु भक्ति भी हुई। शाम को मां पार्वती धाम गोशाला में विपिन सिंघवी, रिलेष बोथरा, विपिन बनवट, पंकज डुगरवाल, बंटी मालू आदि ने गो माताओं को हरे घास के पुले और 20 किलो गुड़ खिलाया। साथ ही विपिन सिंघवी को छोटे बच्चों के लिए स्वेटर के 45 नग, योगेश जैन के द्वारा और 20 जोड कपड़े बच्चो के देवानंद भोजवानी की ओर से दिए। जिसको विपिन सिंघवी ,रीलेश बोथरा, पंकज डू गरवाल, विपिन बनवट, राकेश सोनी, गोविंद ब्रह्मभट के द्वारा निर्धन परिवारों के बच्चो को दिए गए।

# विद्यार्थी जीवन एक प्रयोगशाला है जहां अभिव्यक्ति व प्रयोगों से कौशल का विकास किया जा सकता हैः डीसी बाहेती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



छात्र जीवन में विज्ञान के अध्ययन से विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मनिर्भरता,आत्मविश्वास आदी गुणों के सृजन के साथ छात्रों में मानसिक विकास व वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी देखने को मिलता है, जिस विद्यार्थी में जितना ज्यादा सीखने व अभिव्यक्त करने की जिज्ञासा होगी वह विद्यार्थी उतना ही सफल होगा, मानव जीवन के विकास में विज्ञान के प्रयोगों की निर्णायक भूमिका रहतीं है। विद्यार्थी जीवन प्रयोगशाला है जहां अभिव्यक्ति एवं नित्य नए प्रयोगों से व्यवस्थित जीवन के कौशल का विकास किया जा सकता है, विद्यार्थियों द्वारा प्रयोग,मॉडल,प्रोजेक्ट को स्वयं के द्वारा तैयार करना रोमांचक एवं सीखने व शोध करने की प्रवृत्ति को जन्म देता है। उक्त विचार सुंदरम कॉलेज जावर में एकदिवसीय विज्ञान विषय पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डीसी बाहेती पूर्व प्राचार्य ने व्यक्त किए। कार्यशाला में उपस्थित विद्यार्थियों को अजय मिश्रा उपप्राचार्य सी एम राइस, ने कहा कि इस क्षेत्र में विज्ञान विषय पर कार्यशाला का प्रथम बार आयोजन सुंदरम महाविद्यालय में किया गया है, यह निश्चित तौर पर विद्यार्थियों के जीवन में सफलता हेतु मिल का पत्थर साबित होगी। एवम व्याख्याता सुजाता मालवीया ने भी संबोधित किया। विज्ञान कार्यशाला में विद्यार्थियों द्वारा प्राचार्य हेमा मंजीता के मार्गदर्शन व शिक्षक अतुल शर्मा, आदिति जैन, प्रियंका राजपूत, सतीश मालवीय के नेतृत्व में तैयार किए गए मॉडल, प्रयोगों, प्रोजेक्ट को उपस्थित विशेष विशेषज्ञों के समक्ष विस्तार से समझाते हुए प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजा कर प्रारंभ किया गया तत्पश्चात अतिथियों का स्मृति चिन्ह व श्रीफल से संस्था प्राचार्य व शिक्षकों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया,एक दिवसीय विज्ञान कार्यशाला में बीएससी प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अतुल शर्मा द्वारा किया गया एवं अंत में आभार डारेक्टर मुकेश पांचाल ने व्यक्त किया।

# सरस्वती विद्या मंदिर में प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि. जावर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नीता देअरवाल थाना प्रभारी जावर द्वारा किया गया। समिति के व्यवस्थापक बाबूलाल पटेल,उपाध्यक्ष प्रहलाद दास अजमेरा, विजेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

अतिथियों का परिचय प्राचार्य महेंद्र सोलंकी ने कराया। स्वागत मनीषा भावसार, रानू भरेवा एवं पूजा पांचाल द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए संसाधनों की



आवश्यकता नहीं रहती कम संसाधन एवं सुविधा में भी सफलता प्राप्त की जा सकती है। जरूरत है तो सही दिशा में मेहनत करने की। समिति के सचिव बाबूलाल पटेल ने अपने उद्बोधन में कहां की विद्यालय प्रबंधन भैया बहिनों के विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए निरंतर चिंतन करता है। शीघ्र ही हमारे विद्यालय में स्मार्ट क्लास भी प्रारंभ की जाएगी। पुरस्कार प्राप्त करने वाले भैया बहनों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा अन्य भैया बहिनों को उनसे प्रेरणा लेने हेतु प्रेरित किया कार्यक्रम में परीक्षा में कक्षा में प्रथम आने वाले तथा बस्ता एवं गणवेश प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले भैया बहनों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष कल्याण सिंह ठाकुर, सह सचिव जीवन सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष जय नारायण राठौर, बहादुर सिंह ठाकुर, कैलाश सोलंकी, खुमान सिंह ठाकुर, सरोज भावसार, सुनील जैन, संतोष महेश्वरी, आचार्य परिवार में विजेंद्र सिंह, मनोहर लाल शर्मा, संगीता ठाकुर, ममता शर्मा, प्रियंका ठाकुर, संतोष चौहान ,नीलू ठाकुर, अलका शर्मा, सागर सिंह, रितु ठाकुर, बेबी पाटीदार, देवकरण प्रजापति, सुलोचना ठाकुर, रूपम अजमेरा, सुरेंद्र सिंह, गजराज गुर्जर, समीम मंसूरी, कृष्णपाल ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शोभाल सिंह ठाकुर व आभार सुरेंद्र शर्मा ने किया।

### दिव्यज्योति जाग्रति संस्थान ने किया मासिक सतसंग व ध्यान शिविर का आयोजन

# दैनिक साधना अभ्यास के लाभों से भक्तजनों को कराया परिचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर



दिव्यज्योति जाग्रति संस्थान के श्यामपुर स्थित आश्रम प्रांगण में जनवरी माह के प्रथम रविवार को एक दिवसीय मासिक सतसंग व ध्यान-साधना शिविर के साथ भण्डारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बार के सतसंग आयोजन में भण्डारा प्रसाद व्यवस्था की सेवा श्रीसंजय सिंह भूपेंद्र सिंह (शिक्षा विभाग) कुरावर मण्डी वालों की ओर से की गई। ध्यान-साधना शिविर में शास्त्रोक्त दैनिक साधना अभ्यास के चमत्कारिक लाभों से भक्तजनों को परिचित कराया गया। संगीत कलाकारों द्वारा भजन मेरी झोपड़ी के भाग आज जाग जायेंगे, राम आएंगे.. की गायन प्रस्तुति से संगत में आनन्द व उत्साह का संचार हो उठा।

सतसंग प्रवचन के अंतर्गत परम् पूज्य गुरुदेव आशुतोष महाराज की कृपा से चरण सेवक स्वामी महादेवानन्द ने प्रभुश्रीराम द्वारा समाज को चैतन्य एवं जीवंत कर देने वाले आदर्शों पर सुंदर सतसंग विचार प्रस्तुत किये। भक्तप्रिय यशराज ने स्टेज संचालन की सेवा की। सतसंग प्रवचन के अंतर्गत संगत के समक्ष प्रस्तुत सुंदर विचारों में स्वामीजी ने बताया कि त्रेतायुग की विषम परिस्थितियों को बदलने के लिए जिस अवतारी सत्ता ने जन्म लिया, उन्हें हम मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के नाम से जानते हैं । जन-जन का जीवन आदर्शोन्मुखी बने, पारिवारिक जीवन में आदर्श परम्पराएँ चल पड़े, इसके लिए श्रीराम से बड़े लोकनायक और कौन हो सकते हैं । इतिहास बदल रहा है, युग करवट ले रहा है। प्रभु श्रीराम के आदर्शमय सिद्धांत, गुरू वशिष्ठ से प्राप्त नैतिक आदर्शमय जीवन प्रेरित ज्ञानसूत्र, गुरू विश्वामित्र के सानिध्य में रहकर राक्षसों प्रतिकार, धर्म यज्ञ की रक्षा, उनकी रीति और नीति आज के कालिमा से ग्रसित कलियुग में और भी ज्यादा प्रासंगिक हैं। उनके द्वारा आसुरी शक्तियों जैसे खरदूषण, त्रिशिरा, बाली एवं महापराक्रमी रावण जैसे आतातायियों का वध, वर्गहीन समाज की स्थापना, लोकमंगल धर्म की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण कार्य सुंदर समाज रचना के लिए सदैव प्रेरणाप्रद हैं। आसुरी शक्तियों के विनाश के लिए उन्होंने वानर यूथ दल रूपी सशक्त संगठन का निर्माण किया। श्रीकृष्ण ने गुरू रूप में ही द्रौपदी की लाज बचाई थी।

गुरू सत्ता के रूप में ईश्वर जब -जब भी धरा पर अवतार लेते हैं। वे सामान्य जनमानस के बीच रहते हुए नरलीला करते है। जो बहुत ही रहस्यों से भरी है, लेकिन आध्यात्मिक पिपासु शिष्य भक्तजन गुरुकृपा द्वारा ₹दिव्यदृष्टि₹ के माध्यम से परिचित हो सकते हैं। गुरु गोरखनाथजी जी के सामर्थ्यवान गुरूदेव श्रीमच्छेन्द्रनाथ जी महाराज भौतिक दृष्टि से लगनेवाली मृतप्रायः सुप्त अवस्था में प्रतीत होते हुए भी वे बारह वर्ष की लंबी अवधि वाली समाधि से अचानक प्रकट हो गए थे । अतः आज भी समाज में इसी सनातन ज्ञान परम्परा से परिचय की आवश्यकता है । दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संस्थापक एवं संचालक परम् पूज्य गुरुदेव सर्वश्री आशुतोष महाराज वर्तमान में समाधि की अवस्था में इसी सनातन श्रंखला के प्रयोग हेतु समाधि की उच्च अवस्था में प्रयोगरत हैं। भारतवर्ष व समूचे विश्व में सकारात्मक आध्यात्मिक तरंगों का प्रसारण कर रहे हैं।

जिसे परम पूज्य श्रीगुरूमहाराज कृपा से ईश्वर तत्व के साक्षात्कार पर आधारित बृह्मज्ञान की प्राप्ति कर बिमल बिलोचन द्वारा ध्यान साधना सेवा सतसंग के नियमित अभ्यास से समझा जा सकता है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीरामचरित मानस में स्पष्ट किया गया है। उघरहिं विमल बिलोचन ही के। मिटहिं दोष दुःख भव रजनी के। सूझहिं रामचरित मणि मानिक, गुप्त प्रगट जेहिं जो जेहिं खानिक, कार्यक्रम के अंत में भक्तजनों द्वारा प्रभुश्रीराम जी की पावन आरती की गई। सभी को आगामी 22 जनवरी को आयोध्याधाम में प्रभुश्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पावन अवसर पर सबको घर-घर में दीप प्रज्वलित करने व दीप मालिकाएं सजाने, टेलीविजन पर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को देखने, प्रातःकाल प्रभुश्रीराम जी का वंदन-पूजन के लिए प्रेरित किया गया। संस्थान आश्रम की ओर से पधारे सभी श्रद्धालु भक्तजनों का आभार व्यक्त करते हुए स्वामी जी ने सूचित किया कि आश्रम में अगला मासिक सतसंग कार्यक्रम फरवरी माह के प्रथम रविवार अर्थात 4 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।

# राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर घाटपलासी में बांटे अक्षत



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

घाटपलासी में मंगलवार को तीसरे दिन अक्षत चांवल निमंत्रण वितरण समारोह का समापन किया गया। इस अवसर पर पूरे गांव में लगातार सुबह से शाम तक तीन रोज़ तक सभी सनातनी हिन्दू धर्म प्रेमी भक्तों खूब बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी गांव में जय जय श्री राम का उदघोष के स्वर गूंजते रहे। और आयोध्या राम मन्दिर के भजन का गायन होता ही रहेगा। 22 जनवरी तक भंडारे के बाद जय जय श्री राम के नारे का समापन होगा। पूरे गांव में बड़ा हर्ष उल्लास का वातावरण निर्मित हुआ है। हर घर भगवा झंडे लगाए गए हैं। अक्षत वितरण का समापन हनुमान मंदिर पर आरती के साथ सम्पन्न हुआ।